Nai Dunia (Indore), 24th May 2022, Page-02

# आइआइटी और एसजीएसआइटीएस उपयोग कर सकेंगे एक-दूसरे के परिसर

**इंदौर (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) इंदौर और श्री गोविंदराम सेकसरिया प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान संस्थान (एसजीएसआइटीएस) मिलकर विभिन्न योजनाओं पर काम करेंगे। दोनों संस्थान एक-दूसरे के साधनों व परिसर का उपयोग कर सकेंगे। आइआइटी इंदौर की आधुनिक लैब और लाइब्रेरी का उपयोग भी विद्यार्थी कर सकेंगे।





शोध के लिए प्राध्यापक और विद्यार्थी भी संस्थानों में जा सकेंगे। इस संबंध में एसजीएसआइटीएस आइआइटी इंदौर से समझौता करेगा। दोनों संस्थान कई विषयों पर साथ काम करेंगे। संस्थान के निदेशक प्रो. राकेश सक्सेना का कहना है कि एसजीएसआइटीएस के कई प्राध्यापक आइआइटी से एमटेक कर चुके हैं। आइआइटी की तरह ही प्राध्यापकों के पास अनुभव और कालेज में साधन मौजूद हैं। ऐसे में आइआइटी इंदौर का साथ मिल जाएगा तो शोध और शिक्षा के स्तर को बेहतर करने में और मदद मिल जाएगी। अब दोनों संस्थान यातायात और अन्य समस्याओं को भी दूर करने के लिए काम करेंगे। स्थानीय समस्याओं को दूर करने के लिए आइआइटी के अधिकारी एसजीएसआइटीएस में बैठक कर सकेंगे।